**EDITORIAL**

# Cherish and Enrich Our NFPTE Legacy

The saga of P&T trade union movement is an integral part of our freedom movement. Organized movement of Postal and telegraph workers were accelerated by our forefathers Henry Barton and Tarapada by forming unions in Telegraph, postal and RMS. The trials and tribulations, struggles and sacrifices are classics to the core and stand as our own epics. The call of Tarapada to organize the workers with a purpose, with determination and accustom the power of class brothers is still reverberating and inspiring us all. Workers are not beggars, they have right to choose is the finest slogan that the Indian working class ever heard. *Every year when we crosses the day of Nov. 24th, the historic day of the formation of our great edifice NFPTE, every employee of P&T can feel elated and recollect our finest achievements.*

The postmen struggle of 1946 led by senior leader V.G. Dalvi and Dada Ghosh is viewed not for any sectional demands alone but a struggle to expedite the achievement of freedom. The need of carrying forward the tradition of Tarapada of AIPRMS by installing new leadership was felt by Dada Ghosh and others and that fulfilled the advent of young and energetic visionary O.P. Gupta to our movement. Then AITUC leaders Com. B.T.Ranadive and Dange helped in this regard. We salute them all in this occasion.

The efforts of young O. P. Gupta with the help of Dada Ghosh, K.Ramamurthi and others to establish a single union from the bush of multiple unions was accepted thro a merger resolution and the attempt of unifying the movement was greatly achieved by formation of UPTW just two days before independence on Aug. 13, 1947,

*The pay commission and DA issues made UPTW to issue strike notice, first ever by O. P. Gupta.* The leaders were arrested. Gupta was detained for 14 months and even habeas corpus was not allowed. Leaders like K G Bose and Janak Gupta were dismissed. Com K.Ramamurthi became SG of UPTW when Gupta was in jail. *The need of realignment of Unions with federal setup was felt by both the leadership and GOI. Shri Jagajivan Ram and Rafi Kidwai initiated the scheme and the formation of NFPTE on November 24, 1954 thus became a historic occasion.* It was a federal setup of 9 unions of postal, RMS, Telegraph, Telecom and Administration wings with a compulsory federation. Comrades Dalvi and Dadaghosh became the first president and secretary General.

Besides the important issues of all walks of employees, the issue of Wiping out discrimination of Class 4 and 3, issues of casual labour and ED were all taken up by NFPTE. On the issues of second pay commission strike notice was served against Nehru Government. *There was a glorious strike of 5 days of all CG employees during July 1960. The SG of NFPTE com P. S. R. Anjeneyalu was handcuffed with chains and many leaders got arrested.* Employees shot dead on firing. Thousands of employees were terminated, suspended, arrested. ESMA was launched to threaten the strikers. The repression was let loose and was in great order. Recognition of NFPTE was withdrawn. Com O. P. Gupta with his own inimitable style undergone indefinite fast with E. X. Joseph to restore recognition. Com. D.Gnanaiah's arrival at the NFPTE Hqrs added momentum and he played a prime role in the formation of whitley *council type JCM. The conditionality of abjuring Strikes for accepting JCM was rejected forthright by the leadership. The powerful one day strike of Sep.19, 1968 of all CG employees on the issue of need based Minimum wage and compulsory arbitration of JCM issue was also faced worst oppression and severe attacks from Government. The next generation leaders like Jagan emerged as heroes of the strike and got dismissal orders.* The strike was led in P&T by SG Com.Gnanaiah. Ninety thousand employees were suspended and thousands were terminated and got arrested. The recognition of NFPTE was withdrawn. Com Gupta and Gnanaiah both had gone on indefinite fast fighting topless- bottomless recognition that is no federation and no grass root districts and branches. The recognition was restored but with the formation of FNPTO also.

The split in communist party also made its adverse impact on NFPTE. Constant tussle and difference of opinions were becoming the part of NFPTE life during the time of 1974 Railway strike and Emergency of Indra Gandhi period. *NFPTE was severely attacked during the emergency and*

*its main Organs like P&T labour, weekly correspondence, telecom were not dispatched from the post office. Comrade Jagan boldly took the risk of dispatching the journals thro Tamilnadu Organ Olikkathir and made history. The impact of emergency made us all to reunite in NFPTE and at Bangalore federal council during 1978 Gupta became the Secretary General of NFPTE.*

The strike notice issued for bonus by Gupta and Ramamurthy after the announcement of the same for railways during Charan Singh period roused the workers and the issue was settled and Com. Gnanaiah signed the agreement of bonus. *Our silver jubilee session of Jaipur coined the prime demands like Two promotions and then we achieved the same.* The Telecom wing gave shramdhan to postal comrades for promotion to lakhs of senior employees who were all suffered more than 20 years without any single promotion on a single day on the issuance of order, lakhs of our senior employees got their time bound promotion.

*The P&T department was bifurcated in 1985 and it led the formation of NFTE- NFPE two federations.* The conference held at Calcutta in 1986 resolved to keep NFPTE also because of emotional attachment of many leaders from both sides. NFTE inherited from the great tradition of NFPTE the following qualities- toleration of all views, fighting the cause of needy the lower level workers, always fighting out any sort of discrimination, never banging the doors of negotiation and preferring negotiated settlement, if negotiation fails never fail to hit, if hitting then hitting hard, no individual militancy- even one step with all only- things may be difficult to do but nothing is impossible attitude- unity at any cost even at the cost of oneself- no self patting or ego or eulogizing, no political overtones etc.

*The great struggles of Gupta- Chandrasekar- Jagan made the historic achievement of regularization lakhs of casual labours, thousands of RTPs during 1986-87.* The 20 days strike at the time of falling of V P Singh government on the issue of MTNL Rs 100 and continuous consistent struggles settled the wonderful Cadre restructuring and BCR issue in 1990 which found the new technology oriented cadres like TTA, TM and SrTOA. The outsourcing move was stalled by 1995 strike and the left out thousands of mazdoors got work throughout the years. Unfortunately due to internal differences during the last years of 90s led to the formation of BSNLEU under the leadership of Com. Namboodri.

*NFTE boldly faced the challenges thrown upon by Vajpayee Govt. formation of corporate company BSNL. The 3 days united strike of NFTE, FNTO and BTEF during the year 2000 secured us Government Pension by Government.* NFTE has consciously followed the rich traditions of our forefathers. In the BSNL also, it tried its best for bringing joint movements for safeguarding the financial viability of our great PSU, protecting the Jobs of lakhs of employees and safeguarding the Government pension with utmost care. We never use cadre sentiments and create any war amongst the brother workers. We strive for the cause of advancement of all cadres to the extent possible in a particular prevailing situation thro horizontal and thro vertical competitive exams. *Thousands of our young comrades were promoted to JTO/JAO in a very shortest span. The recent designation change has given some respect to our employees in the society. The restoration of Bonus after 7 years is also given some confidence amongst our employees. The settlement of left out issues like 78.2 for all purposes including for pension, HRA etc. and the annulment of 60 % conditionality pressing the burden of BSNL are given some boost.* This dynamism should not make us headstrong but should make us more humble to advance further with all responsibilities. *The next big and tough challenge is Pay Revision. The BJP government is in full form to implement its decision of Tower Corporation and dismantlement of Public network. Let us face this thro our united call of Dharnas and strike.*

The challenges are galore before us.. The present leadership would strive its best to follow the footsteps of our great tradition. The longings for united movement have its own sense. Let us give our ears to the call of the time and forward with the goals and ambition of our great leaders

संपादकीय

# एन.एफ.पी.टी.ई की समृद्ध, प्रतिपालक परम्पराएं

डाक–तार श्रमिक आंदोलन की पृष्ठ भूमिका हमारे स्वराज आंदोलन का अभिन्न हिस्सा रहा है। हमारे पूर्वज हेनरी वार्टन तथा तारा पदों ने टेलीग्राफ डाक एवं आर.एम.एस. के कर्मचारियों को संगठित कर डाक–तार श्रमिक आंदोलन को गतिशील बनाया। प्रयोग, समर्पण, संघर्ष एवं त्याग हमारी संस्कृति रही है। तारा पदों का कथन कि कर्मचारियों को खास मतलब के लिए पूर्ण निष्ठा से अधिकार ग्रहण कर वर्ग भाई चारा स्थापित करने का संदेश आज भी हमें संपादित करता है। श्रमिक याचक नहीं है का नारा हमेशा श्रमिकों के साथ है। प्रतिवर्ष 24 नवम्बर आने पर हम अपने महान संगठन एनएफपीटीई के स्थापना की याद करते हुए उपलब्धियों को याद करते हैं।

वरिष्ठ नायक बी.सी. दालवी एवं दादा घोष के नेतृत्व में 1946 को पोस्टमैन आंदोलन किसी उनकी मांगों के लिए नहीं अपितु राष्ट्रीय स्वंत्रता की प्राप्ति की दिशा में एक उपलब्धि थी। दादा घोष ने महसूस किया कि तारापदों द्वारा स्थापित संघर्ष को आगे बढ़ाने एवं गतिशील करने हेतु एक युवा नेतृत्व की जरूरत है और उसी समय उन्हांने युवा, उर्जावान, दूरदृष्टि संपन्न का. ओ.पी. गुप्ता का चयन किया।

हमारे संघर्ष की गति देने में ए.आई.टी.यू.सी नेता का. बी.टी. रणदिवे तथा का. एस.ए.डांगे की अहम भूमिका को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते और आज हम 24 नवम्बर के अवसर पर उन्हें लाल सलाम करते हैं। का. ओ.पी.गुप्ता ने का. दादा घोष एवं का. के रामामूर्ति के सहयोग से डाक–तार में बिखरे हुए श्रमिक संघों को एकजुट किया और आजादी के ठीक दो दिन पूर्व 13 अगस्त 1947 को यू.पी.टी.डब्ल्यू के नाम एकजुट संगठन की स्थापना की।

वेतन आयोग के गठन एवं महंगाई भत्ते की मांग को लेकर का. ओ.पी. गुप्ता ने हड़ताल का नोटिस सरकार को दिया जिसके लिए उन्हें 14 माह तक जेल में बंद रखा गया। का. के.जी. बोस एवं का. जनक गुप्ता को नौकरी से निकाल दिया गया। का. रामामूर्ति उस दौरान यू.पी.टी.डब्ल्यू के महामंत्री बने। भारी श्रमिक स्थिरता के मद्देनजर सरकार एवं संगठन के नेताओं ने महासंघ के छतरी के नीचे सभी को एकजुट करने की आवश्यकता महसूस किया। भारत सरकार ने मंत्री पद को सुशोभित करते हुए स्व. जगजीवन राम एवं रफी किदवई ने डाक–तार के श्रमिकों को एकजुट होकर संगठन स्थापना के प्रेरित किया फलतः 24 नवम्बर 1954 को एन.एफ.टी.ई. की स्थापना हुई। आज हम उस महान घड़ी को याद कर पुलकित होते हैं। एनएफपीटीई के महासंघ का दर्जा दिया गया तथा इसमें पोस्टल, आर.एम.एस. टेलीग्राफ इंजीनियरिंग, टेलीग्राफ ट्राफिक, एडमिनिस्ट्रेटिव कार्यालय आदि नौ यूनियन को मान्यता देते हुए यह शर्त रखी गयी कि सभी यूनियन महासंघ के नेतृत्व में कार्य करेंगे। इस महान संगठन के प्रथम अध्यक्ष का. बी.सी. दालवी एवं महासचिव दादा घोष निर्वाचित किए गए।

एन.एफ.पी.टी.ई ने स्थापना काल से ही श्रमिकों के हित रक्षा हेतु संघर्ष शुरू किया गया। महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ ही तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बीच दूरी को कम करते हुए इ.डी. आकस्मिक कर्मियों की हित रक्षा की। द्वितीय वेतन आयोग की मांग को लेकर फिर जुलाई 1960 में हड़ताल को नोटिस दिया गया तथा पांच दिनों की शानदार एवं ऐतिहासिक हड़ताल ने नेहरू सरकार की जड़े हिला दी। केंद्रीय सरकार के सभी विभागों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए।

एनएफटीई के तत्कालीन महामंत्री पी.एस.आर. अन्जायेलु को हथकड़ी लगाई गई। नेताओं को जेलों में बंद किया गया। सरकार ने हड़ताली कर्मचारियों पर गोलियां चलवाई। कई कर्मचारी मारे गये। हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया। जेलों में डाला गया तथा निलम्बित किया गया। आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम लगाकर भारी तबाही मचाई गई। एन.एफ.पी.टी.ई की मान्यता छीन ली गई। का. ओ.पी.गुप्ता का. इ.एक्स जोसेफ के साथ मान्यता के लिए अनिश्चित भूख हड़ताल पर बैठ गए। का. डी. गनैया एन.एफ.पी.टी.ई मुख्यालय पर आकर कमान संभालते हुए ब्रिटिश ह्वाइटले कमिटि के तर्ज पर ज्वाइंट कंसलटेटिव मसिनरी (जे.सी.एम) के गठन करने में अहम भूमिका निभाया। हड़ताल को दरकिनार कर जे.सी.एम की व्यवस्था

को एन.टफ.पी.टी.ई के नेताओं ने तुरंत खारिज कर दिया।

संघर्ष की कड़ी में सभी केन्द्रीय कर्मचारियों द्वारा 19 सितम्बर 1968 की एक दिवसीय हड़ताल की ऐतिहासिक महत्ता को याद करते हुए रोमांच होता है। यह हड़ताल न्यूनतम वेतन और जे.सी.एम में आवश्यक पंचाट की व्यवस्था के लिए की गई। नब्बे हजार को सेवा मुक्त किया गया तथा जेलों में डाल दिया गया। नई पीढ़ी के नेताओं यथा का. जगन ने इस हड़ताल में अहम भूमिका निभाई। एनएफटीई की मान्यता पुनः समाप्त कर दी गई। का. गनैया एवं का. ओ.पी.गुप्ता के अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जाने के बाद मान्यता की वापसी हुई परन्तु एफ.एन.टी.ओ. के जन्म के साथ।

साम्यवादी दल के विभाजन का एन.एफ.पी.टी.ई के अस्तित्व पर खतरा पैदा किया। रेलवे के 1974 के हड़ताल और श्रीमती गांधी द्वारा देश में घोषित आपातकाल ने संगठन में प्रतिकूल स्थिति पैदा की। विचारों की भिन्नता से आन्तरिक कलह सतह पर आने लगा। आपातकाल में एन.एफ.पी.टी.ई पर प्रहार होता रहा। हमारे मासिक पत्रिकाएं टेलीलेबर, कोरेसपौंडेन्स एवं टेलीकाम को डाक विभाग ने भेजना बंद कर दिया।

कामरेड अगन ने तमिलनाडू सर्किल की पत्रिका ओलीकादिर के पृष्ठों के अंदर पत्रिकाओं का प्रेषण कर एक ऐतिहासिक साहस का परिचय दिया। आपातकाल ने हमें पुनः एकजुट होने की बाध्यता दी तथा का. ओ.पी.गुप्ता बंगलोर फेडरल काउंसिन 1978 में एन.एफ.पी.टी.ई. के सेक्रेटरी जनरल निर्वाचित किये गये।

स्व. चौधरी चरण सिंह के प्रधानमंत्रीत्व काल में रेलवे के लिए बोनस की घोषणा के उपरान्त साथी ओ.पी.गुप्ता एवं का. रामामूर्ति ने हड़ताल की घोषणा की। कर्मचारियों के उबलते हुए गुस्से से भयक्रान्त सरकार ने डाक–तार कर्मचारियों के लिए बोनस भुगतान की घोषणा की और एक अहम फैसला श्रमिक समुदाय के लिए हासिल हुआ। जयपुर के रजत जयन्ती समारोह एवं पटना में सन् 1978 में संपन्न सभी नौ यूनियनों की कन्वेंशन में सेवा काल में दो पदोन्नति की मांग उठाई गई जिसके समाधान के बाद हजारों डाक कर्मियों को पदोन्नति हासिल हुआ जो बीस वर्षों से एक ही वेतनमान में कार्य करते आ रहे थे।

सन् 1985 में डाक एवं दूरसंचार विभाग के बंटवारे के बाद महान एन.एफ.पी.टी.ई भी दो भागों में विभक्त होकर एनएफटीई एवं एनएफपीई के रूप में अवतरित हुए। सन् 1986 में कलकत्ता में फेडरल काउन्सिल में यह घोषणा हुई। भावनात्मक सभाव से एनएफपीटीई को पी जीवंत रखा गया पर कुछ नेताओं के हठधर्मिता ने इसे धूमिल किया। एनएफपीटीई की नीतियां सभी के विचारों के लिए सहनशीलता, वंचित और कमजोर कर्मियों की हित रक्षा, भेदभाव के खिलाफ संघर्ष, वार्तालाप के लिए हरदम तैयार रहना, एवं समझौता को स्वीकार करना, समझौता नहीं होने की स्थति में संघर्ष और प्रचंड संघर्ष, व्यक्तिवाद के विरूद्ध, एक कदम भी बढ़े तो सबके लिए और सबके साथ स्थिति कठिन हो सकती पर असंभव नहीं, किसी कीमत पर एकबद्धता, कोई राजनीतिक दबाव नहीं के सिद्धांतों पर एनएफपीटीइ और अब एनएफटीई निरन्तर कर्मचारी संघर्षों को एवं उनके हितरक्षक के रूप में आगे बढ़ते जा रही है।

एनएफटीई का नेतृत्व करते हुए का. गुप्ता, का. चन्द्रशेखर, का. जगन के नेतृत्व में कैजुअल मजदूरों एवं आर.टी.पी. का स्थायीकरण श्रमिक जगत में चमकते हुए सितारे के समान आज भी परिलक्षित है। स्व. वी.पी. सिंह सरकार के समय एनटीएनएल के घोषणा के बाद बीस दिनों की ऐतिहासिक हड़ताल, तथा नब्बे के दशक में कैडर का पुर्नगठन कर नई तनिकी आधार पर संवर्ग यथा टी.एन, टी.टी.ए. एवं सीनीयर टी.ओ.ए. जैसे कैडर का प्रादुर्भाव उच्च वेतनमान के साथ उपलब्धियों में अग्रणी है। नबें के दशक के उत्तरार्ध में यह दुर्भाग्य हुआ कि एनएफटीई से बटकर बीएसएनएलयू का गठन का. नम्बूदरी के नेतृत्व में प्रभाव में आया।

सन् 2000 में वाजपेयी सरकार के की निर्णय से दूरसंचार विभाग को निगमित करने के प्रयास का एन.एफ.टी.ई ने साहसिक विरोध करते हुए कर्मचारियों के लिए नौकरी की सुरक्षा सरकारी पेंशन की गारंटी एवं कम्पनी की आर्थिक जीवतंता को सुरक्षित किया।

सरकार द्वारा दिये गये कमीटमेंट को शिथिल करने की हर कदम का एनएफटीई ने मुकाबला किया तथा पेंशन से 60/40 का अनुपात की समाप्ति सुनिश्चित की। 78.2 प्रतिशत महंगाई भत्ते के समायोजन सहित मकान किराया भत्ता की मांग की पूर्ति करायी। दक्षता उन्नयन भत्ता, शिशु

देखभाल अवकाश, सहित हजारों युवा कर्मियों के लिए जे.टी. ओ/जे.ए.ओ में पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त किया। डिजीगनेशन में परिवर्तन से सामाजिक प्रतिष्ठा की वृद्धि के साथ सात साल के बंद बोनस का द्वारा खोलने में योगदान किया। हम दूसरे संगठनों के योगदान को नजर अंदाज नहीं करते तथा बीएसएनएल की सुरक्षा में सभी की गोलबंदी की सराहना एवं सलाम करते हैं।

अभी सरकार ने बीएसएनएल के विभक्त कर अलग टावर कम्पनी बनाने की व्यवस्था देकर हमें फिर संघर्ष पथ पर जाने को मजबूर किया है। तीसरा वेतन पुरीक्षण की चुनौती का भी सामना सूझबूझ के साथ करना है।

हमारा इतिहास गौरवशाली है। हम संघर्षशील आवाम की अगुवाई करते हुए श्रमिक चेतना का पश्चम ऊंचाई पर लहराये हैं। परन्तु हमें सम्वेदना को जोड़ते हुए एकताबद्ध संघर्ष का मंत्र जो हमारे पूर्वज नेतृत्व ने दिया है, उसका अनुपालन करते हुए सुनहरे भविष्य के सृजन की ओर अग्रसर होना है।

एकताबद्ध संघर्ष समय की पुकार है। अतएवं हम सभी को साथ लेकर चले तथा लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें।